भारत सरकार

केन्दीय लोक निर्माण विभाग

हिन्दी प्रश्न पत्र–2 अक्टूबर - 2020

समय : 3:00 घंटा पूर्णांक : 100

प्रश्न 1: निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए।

क) प्रारम्भिक अनुमान
ख) मासिक लेखा
ग) स्थायी और अस्थायी अग्रदाय में अन्तर

अंक 15

प्रश्न 2: निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखें।

(क) स्वतः संज्ञान लेना (ख) पाक्षिक (ग) अवैतनिक (घ) मांग पत्र (ङ) आवर्ती जमा

(च) महाभियोग (छ) माप दण्ड (ज) बट्टे खाते में डालना (झ) शोक संतप्त (ञ) अग्रिम धन

अंक 10

प्रश्न 3 : निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखें।

(क) **Accomplished** (ख) **Coded Message** (ग) **Remedial action** (घ) **Undue delay**
(ङ) **Deviation Statement** (च) **Rate of Taxation** (छ) **Beverage** (ज) **Premature**
(झ) **Oath of allegiance** (ञ) **Zenith**

अंक 10

प्रश्न 4 : निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद करें।

खेल–कूद व्यक्ति में अनेक उत्तम गुणों का विकास करते हैं। इनसे शरीर चुस्त, फुर्तीला और बलिष्ठ होता है। शारीरिक क्षमताओं के विकास हेतु खेलों से बढ़कर अन्य कोई साधन नहीं। सुडौल और पुष्ट शरीर खेलों का उपहार है। खेल–कूद में अनुशासन का पालन अति आवश्यक है। इसके बिना खेल चल ही नहीं सकता। टीम के कप्तान अथवा रेफ्री के आदेश या निर्णय को स्वीकार करना सच्चे खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ लक्षण है। खेल के मैदान में सीखा गया अनुशासन जीवन में सफलता की कुंजी बन जाता है। यह अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में अनुशासन की कितनी महत्ता है, यह बताने की आवश्यकता नहीं। अनुशासन का पाठ खेल के मैदान में सरलता से सीखा जा सकता है।

अंक 20

प्रश्न 5 : निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद करें।

**A consumer is a person who buys a product or service. The meaning of consumer protection is – protection of the rights of the consumer. In the present era of free trade system, the private entrepreneurs are capable of exploiting consumers because of their economic strength. Hence, the government is required to make such laws and acts (through planned means) as could enable the consumer to escape the wrath of the private entrepreneur. Besides, he can also make full use of the products and services provided by that private entrepreneur. The issue of consumer protection was raised for the first time in Europe and the United States.**

अंक 15

कृ.पृ.उ.

प्रश्न 6 : निम्नलिखित वाक्यांशों को हिन्दी में लिखें :–

(क) **The representationist has not raised any fresh points. His request may be rejected again and he may be informed that no further representation on the subject will be entertained in future.**

(ख) **In the recovery statement attached to the final bill, certain credit has been allowed for the material returned but no transfer entry order has been prepared.**

(ग) **Shri .... In this Ministry has been allotted quarter no. ... by the Directorate of Estates. In this connection he may please see the attached Memo. No.... dated ..... from the Directorate and state whether the allotment offered to him by the Directorate of Estates is acceptable to him.**

(घ) **It is obvious that the family is in dire distress due to the premature death of the earning member . His son shri ..... may be appointed as a Clerk in relaxation of the prescribed procedure regarding recruitment through Employment Exchange.**

(ङ) **The annual indent for stationery was sent long ago but the stationery has not been received from Calcutta so far. Some of the essential articles may be purchased locally.**

अंक 20

प्रश्न 7 : अंग्रेजी शब्दों के स्थान पर हिन्दी शब्दों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्य लिखें :–

(क) दिनांक 14.09.2019 को जोनल आफिस में ओफीशयल लैंग्वेज वर्क शॉप का आयोजन किया गया।

(ख) हिन्दी टाइपिंग की ट्रेनिंग के लिए अपने डिवीजन आफिस से तीन लोअर डिवीजन कर्लकों को नामिनेट करें।

(ग) इस केस का रिजयूम इन्सुइंग पैराग्राफों में दिया जा रहा है।

(घ) असिटेंट इंजीनियर ने कार्य की टेस्ट चेक रिक्वायर्ड परसेंटेज तक नहीं की है।

(ङ) उम्मीदवार के करैक्टर और पूर्ववृत्त का वेरिफिकेशन कर लिया गया है और इसे सटिसफेक्टरी पाया गया।

अंक 10